pan>

Title: Issue regarding law and order situation in Bihar.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार के गया जिले से डॉक्टर पंकज कुमार गुप्ता एवं उनकी पत्नी डॉक्टर सुप्रभा गुप्ता, दोनों का पांच दिन पूर्व, जी.टी. रोड पर से गाड़ी सहित अपहरण हो गया है और भागलपुर में एक डॉक्टर की निर्मम हत्या हुयी है, लेकिन अभी तक बिहार सरकार उन्हें बरामद करने में असफल रही है, जिससे वहां के आम लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। बिहार सरकार हाथ पर हाथ रख कर बैठी हुयी है। बिहार सरकार उनकी खोज करने के बजाय, उनके मुखिया पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण करने एवं दिल्ली में आकर चुनावी तिकड़म की राजनैतिक रोटी पकाने में लगी हुयी है। बिहार में लगातार अपहरण, हत्या, लूट, बलात्कार इत्यादि घटनाओं की बेतहाशा वृद्धि होने से, पुनः जंगल राज की वापसी से, लोग दहशत के साये में डरे और सहमे हुए हैं। बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, उद्योगपति और व्यापारी बिहार से पलायन के लिए विवश हैं।

हम आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करते हैं कि अपहरणकर्ताओं के चंगुल से डॉक्टर दम्पति को सुरक्षित वापस लाने हेतु अविलंब हस्तक्षेप कर एक टास्क फोर्स का गठन करने की कृपा करें और साथ ही साथ वहां के लोगों को जंगल राज से मुक्ति दिलायें।

महोदय, बिहार जल रहा है। आप बिहार को बचा लीजिए। मेरी आपसे यही अपील है।

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपको सदन चलाने के लिए धन्यवाद देता हूं।

HON. DEPUTY SPEAKER: The House stands adjourned to meet again tomorrow, the 7th May 2015, at 11 a.m.

19.58 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Thursday, May 7, 2015 / Vaisakha 17, 1937 (Saka).